इंदौर। पर्युष ा पर्व की आराधना के पूर्व जैन समाज में चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों के अंतर्गत शुक्रवार को साधु भगवंतों ने श्रद्धालुओं को जीवन में समता, क्षमा, विवेक और ज्ञान को जागृत करने का संदेश दिया। सिद्धरत्न विजयजी ने प्रवचन में कहा कि मनुष्य जीवन में हमें स्वयं के भीतर सद्गु ों का प्रवेश कराना चाहिए। इंद्रियों के विषयों के प्रति जागरूक रहते हुए ऐसा आचर ा करना चाहिए, जिससे सुख का अनुभव हो, लेकिन नए कर्मों का बंधन न हो। उन्होंने कहा कि खराब बातों को सुनने, उनमें रुचि लेने और उन्हें बार-बार चिंतन कर बढ़ाने से कर्मबंधन भी गाढ़ा होता जाता है। जीवन में आने वाली विपरीत परिस्थितियों को पूर्व कर्मों का उदय समझकर समता एवं सहनशीलता के साथ स्वीकार किया जाए तो नए कर्मों का बंधन रोका जा सकता है। इसके विपरीत आर्तध्यान और रौद्रध्यान में जाने से नए कर्मों का बंधन प्रारंभ हो जाता है।

**आम की आग प्रसंग के माध्यम से वैर के परि ाम समझाए-** प्रवचन में भीमसेन के चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए बताया गया कि छोटी-सी घटना किस प्रकार बड़े विवाद का कार ा बन सकती है। दासियों के बीच आम को लेकर हुए विवाद में अहंकार और अपमान की भावना ने ऐसी चिंगारी पैदा की, जो आगे चलकर बड़ी आग का रूप लेने लगी।

# सीएम के परिचित का मोबाइल तलाश रही 10 थानों की पुलिस

### इंदौर में नहीं लिखी रिपोर्ट मुख्यमंत्री निवास से गया फोन, एक्टिव हुए कमिश्नर, डीसीपी

इंदौर,(नप्र)। बाइक सवार लुटेरों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के परिचित का मोबाइल लूट लिया। महंगा फोन छीनकर भाग निकले। 31 अगस्त को वारदात के बाद उज्जैन निवासी अनमोल वर्मा पलासिया थाना पहुंचे। पलासिया पुलिस को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। सिर्फ आवेदन ले लिया। इसके बाद 1 सितंबर को मामला उज्जैन स्थित सीएम हाउस तक पहुंचा। वहां से इंदौर पुलिस कमिश्नर और डीसीपी को जानकारी दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी। मोबाइल और बदमाशों की तलाश में इंदौर के 10 थानों की पुलिस को लगाया गया है।

**बाइक पर आए थे बदमाश-** पुलिस के मुताबिक, वारदात में शामिल बदमाश पल्सर बाइक पर सवार थे। अनमोल निजी काम से इंदौर आए थे। इंद्रदेव महादेव मंदिर क्षेत्र में उनके साथ मोबाइल लूट की वारदात हुई। इसी इलाके में 31 अगस्त को ही मोबाइल लूट की एक और वारदात हुई थी। पुलिस को बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। फुटेज और अन्य तकनीकी सुरागों के आधार पर टीमें आरोपियों की पहचान और संभावित ठिकानों का पता लगाने में जुटी हैं। फिलहाल बायपास इलाके में भी बदमाशों की तलाश की जा रही है। डीसीपी नीति दंडोतिया मामले की जांच पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस दोनों मोबाइल लूट की घटनाओं को जोड़कर भी जांच कर रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि वारदातों में एक ही गैंग शामिल था या अलग-अलग बदमाश।

## कोकीन तस्करी में युगांडा नाइजीरिया के 2 साथी गिरफ्तार

इंदौर,(नप्र)। चंदन नगर थाना पुलिस ने कोकीन तस्करी के मामले में नाइजीरियाई मूल की महिला जॉय से पूछताछ के बाद उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। जॉय की जानकारी के आधार पर पुलिस टीम मुंबई पहुंची, जहां से उसकी परिचित युगांडा मूल की महिला नेकेजेव और नाइजीरियाई युवक डेमिनेल को पकड़ा गया। दोनों को पुलिस इंदौर लेकर आई है। पुलिस के मुताबिक, दोनों जॉय के साथ कोकीन तस्करी में शामिल थे। पूछताछ में दोनों ने भारत में बिना वीजा रह रहे अपने देश के कई लोगों और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी दी है। पुलिस अब इन लोगों की तलाश कर रही है।

**57 ग्राम से ज्यादा कोकीन के साथ पकड़ी गई थी जॉय-** चंदन नगर पुलिस ने रविवार को नाइजीरियाई मूल की महिला जॉय को 57 ग्राम से ज्यादा कोकीन के साथ गिरफ्तार किया था। जॉय ने पुलिस को बताया था कि वह नाइजीरिया से 7 महीने के वीजा पर भारत आई थी। पुलिस ने जॉय का 5 दिन का रिमांड लिया था। पूछताछ में उसकी जानकारी के आधार पर मुंबई में मौजूद उसके साथियों के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर इंदौर लाई।

**बिना वीजा रह रहे कई लोगों की जानकारी-** डीसीपी नरेंद्र रावत के मुताबिक, नेकेजेव और डेमिनेल ने पूछताछ में बताया कि उनके देश के कई लोग भारत में बिना वीजा के रह रहे हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल हैं। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी दी है। पुलिस टीम अब उनकी तलाश कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, जॉय का रिमांड 2 दिन के लिए बढ़ाया गया है।

## राहुल गांधी से संवाद के लिए बारकोड रजिस्ट्रेशन शुरू

### इंदौर में 19 सितंबर को छात्रों की गूंज कार्यक्रम में आएंगे, घर-घर पहुंचेगी कांग्रेस

इंदौर,(नप्र)। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के युवाओं और छात्रों से सीधे संवाद के कार्यक्रम छात्रों की गूंज को लेकर इंदौर में कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 19 सितंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होने वाले युवाओं के रजिस्ट्रेशन के लिए बारकोड जारी कर दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार शाम बारकोड जारी किया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शुक्रवार से कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता छात्रों व युवाओं के बीच पहुंचकर रजिस्ट्रेशन अभियान शुरू करेंगे। इसके लिए घर-घर जाकर भी युवाओं और छात्रों का पंजीयन कराया जाएगा।

**इच्छुक युवाओं का होगा पंजीयन-** कांग्रेस के मुताबिक, 19 सितंबर को राहुल गांधी के संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक युवाओं का ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। पंजीयन के लिए जारी बारकोड का उपयोग किया जाएगा। पार्टी ने अधिक से अधिक युवाओं और छात्रों को अभियान से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।



राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए नेहरू स्टेडियम नहीं मिलने के बाद अब रिजनल पार्क के पास आईडीए के मैदान में तैयारी शुरू कर दी है। मैदान की सफाई की जा रही है। राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए नेहरू स्टेडियम नहीं मिलने के बाद अब रिजनल पार्क के पास आईडीए के मैदान में तैयारी शुरू कर दी है। मैदान की सफाई की जा रही है।

**इंदौर में पांचवां कार्यक्रम-** कांग्रेस नेताओं के अनुसार, राहुल गांधी के युवाओं और छात्रों से सीधे संवाद का कार्यक्रम अब तक चार शहरों में हो चुका है। इंदौर इस श्रृंखला का पांचवां शहर होगा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

इंदौर,(नप्र)। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला इलाके में गुरुवार रात काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे युवक को टर्न लेते समय कार ने टक्कर मार दी। हादसे में जामनिया निवासी रोशन (24) पुत्र बुदन भगोरे बाइक समेत सड़क पर दूर जा गिरा और उसके सिर में गंभीर चोट आई। रात में अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने कार जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रोशन गुरुवार रात काम खत्म करने के बाद बाइक से जामनिया स्थित अपने किराए के कमरे पर लौट रहा था। नायता मुंडला इलाके में टर्न लेते समय कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रोशन बाइक समेत सड़क पर दूर जा गिरा। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी और रात में अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

## मल्टी-स्टेट साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त म्यूल बैंक खाते की खरीद-फरोख्त करने वाले नेटवर्क का खुलासा

### 2,000/- में खुलवाया बैंक खाता 5,000/- और फिर 10,000/- में की जा रही थी खरीद फरोख्त

इंदौर,(नप्र)। साइबर अपराधों में प्रयुक्त म्यूल बैंक खातों की पहचान एवं उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई हेतु राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देश में इंदौर पुलिस द्वारा इस दिशा में निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

इसी अनुक्रम में थाना परदेशीपुरा पुलिस द्वारा गृह मंत्रालय के पोर्टल से उपलब्ध जानकारी का परीक्षण किया गया। जांच में केनरा बैंक, नंदानगर, इंदौर का खाता संदिग्ध म्यूल बैंक खाते के रूप में सामने आया, जिसका संबंध आंध्रप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश में दर्ज साइबर फ्रॉड शिकायतों से पाया गया।



**बैंक खाते की खरीद-फरोख्त का खुलासा-** खाता धारक मोनीश उर्फ मोनू मंडलोई से पूछताछ में सामने आया कि उसके मित्र पियुष उर्फ नयन उर्फ नाई कुशवाह के कहने पर उसने बैंक खाता खुलवाकर उसकी पासबुक, चेकबुक, अऌट सहित पूरी बैंक किट पियूष को दी, जिसके बदले उसे 2,000/- मिले। पियूष ने उक्त खाता ऋषि उर्फ बिट्टू पवार को 5,000/- में तथा ऋषि ने बैंक खाते की किट रॉनी उर्फ रूपेश मंगरोलिया को 10,000/- में उपलब्ध कराई। इस प्रकार बैंक खाते की खरीद-फरोख्त कर उसे साइबर अपराध में उपयोग हेतु उपलब्ध कराने की कड़ी सामने आई।

**नामजद आरोपी-** मोनीश उर्फ मोनू मंडलोई, उम्र 29 वर्ष, नादिया नगर इंदौर, पियूष उर्फ नयन उर्फ नाई कुशवाह, उम्र 22 वर्ष, पीसी सेठी नगर इंदौर, ऋषि उर्फ बिट्टू पवार, उम्र 20 वर्ष, स्कीम नंबर 78 इंदौर,सुजल सोनी उर्फ मैत्रेय, उम्र 20 वर्ष, सिंगापुर टाउनशिप इंदौर, रूपेश मंगरोलिया उर्फ रॉनी, उम्र 26 वर्ष, शाजापुर एवं इंदौर।

**5 नामजद आरोपियों में से 4 हिरासत में-** प्रकरण में 05 व्यक्तियों को नामजद किया गया है, जिनमें से मोनीश मंडलोई, पियूष कुशवाह, ऋषि पवार एवं सुजल सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। रॉनी उर्फ रूपेश मंगरोलिया की तलाश जारी है।

## कंटेनर से पकड़ाई 50 लाख की शराब

इंदौर,(नप्र)। इंदौर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने इंदौर बायपास क्षेत्र में एक कंटेनर की जांच के दौरान हरियाणा निर्मित शराब की सैकड़ों पेटियां जब्त की हैं। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 55 लाख रुपए बताई जा रही है। आबकारी विभाग की टीम बायपास क्षेत्र में जांच कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कंटेनर को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जांच के दौरान कंटेनर में बड़ी मात्रा में शराब मिली। शराब के संबंध में आवश्यक दस्तावेज और परिवहन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच की गई, जिसके बाद विभाग ने शराब को जब्त कर कंटेनर को भी जब्त किया। मनोज कुमार अग्रवाल (डिप्टी कंट्रोलर, आबकारी) के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जब्त शराब हरियाणा निर्मित है। इतनी बड़ी मात्रा में दूसरे राज्य की शराब इंदौर तक पहुंचने से इसके अवैध अंतरराज्यीय परिवहन और तस्करी से जुड़े नेटवर्क की आशंका है। आबकारी विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि शराब को हरियाणा से कहां से रवाना किया गया था और इसे इंदौर अथवा आसपास के किस क्षेत्र में पहुंचाया जाना था। इसके साथ ही कंटेनर के मालिक, चालक, शराब भेजने वाले और इसे रिसीव करने वाले लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। अधिकारियों को आशंका है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब के परिवहन के पीछे एक संगठित अंतरराज्यीय नेटवर्क हो सकता है।

# जेठानी ने देवरानी को चाकू मारे, मौत

### लाश टंकी में डालकर अस्पताल पहुंची

इंदौर,(नप्र)। जेठानी ने अपनी नवविवाहिता देवरानी की चाकू मारकर हत्या कर दी। उसने गर्दन पर दो वार किए। लाश को खींचकर घर के बाहर बनी पानी से भरी हौज यानी टंकी में डाल दिया। फिर अस्पताल में भर्ती अपने पति से मिलने चली गई। हत्या की वजह देवरानी द्वारा जेठानी के भाई पर कमेंट करना बताया गया है।

वारदात राऊ थाना इलाके के नेहरू नगर में गुरुवार की है। पुलिस ने शुक्रवार को इसका खुलासा कर आरोपी पार्वती बाई कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, देवरानी वंदना कुशवाह का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। वंदना ने 11 अगस्त को ही उपेंद्र पटेल से लव मैरिज की थी।

**रक्षाबंधन पर किया था कमेंट, रेप केस में जेल में है भाई-** पुलिस ने बताया कि पार्वती का भाई रेप केस में दमोह जेल में बंद है। रक्षाबंधन वाले दिन वंदना ने उसके बारे में कमेंट किया था। इसे लेकर वंदना और पार्वती के बीच विवाद हो गया था।

गुरुवार को पार्वती और वंदना के बीच एक बार फिर बहस हो गई। इस दौरान वंदना ने कह दिया कि मेरा पति मेरे वश में है। मैं तुम्हें, तुम्हारे पति और बच्चों को घर से निकलवा दूंगी। वंदना की ये बात सुनकर पार्वती गुस्से में आ गई। उसने किचन से चाकू उठाया और वंदना की गर्दन पर वार कर दिए। घटना के समय पार्वती के बच्चे स्कूल गए हुए थे।

## 1000 किलोमीटर तक पीछा कर शातिर चोर को पकड़ा

इंदौर,(नप्र)। शहर में चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अज्ञात आरोपियों की पतारसी कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर इंदौर दिए गए हैं। थाना प्रभारी हीरानगर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चोरी की गंभीर वारदात का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपू ा सफलता प्राप्त की गई है। फरियादी अपने घर पर ताला लगाकर अपने मित्र के यहां गया था। दिनांक 28 अगस्त 2026 की रात्रि लगभग 02:33 बजे जब वह वापस अपने घर पहुंचा तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था तथा घर के अंदर कुछ व्यक्ति मौजूद थे, जो फरियादी को देखकर मौके से भाग गए। फरियादी द्वारा घर के अंदर जाकर देखने पर पाया गया कि गोदरेज अलमारी एवं उसके लॉकर का ताला टूटा हुआ था तथा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के आभूष ा एवं नगदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी होना पाया गया।

## NATRAJ PROTEINS LIMITED

CIN: L00153MP1990PLC006090
Regd. Office: Nagpur-Kalan, Ordinance Factory Road, Itarsi (M.P.) - 461111
Website: www.natrajproteins.com Email: natrajproteinltd@rediffmail.com Contact: 7974094919

**NOTICE OF THE 35THANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING AND BOOK CLOSURE**

**1. ANNUAL GENERAL MEETING:**

**NOTICE** is hereby given that the **35th Annual General Meeting (AGM) of the Members of the Company will be held on Tuesday, 29th September, 2026 at 2:00 P.M IST through Video Conferencing /Other Audio Visual Means ("VC"/"OAVM")** in compliance with the applicable provisions of Companies Act, 2013 ("Act"), the General Circular Nos. 14/2020 dated April 8 2020, 17/2020 dated April 13 2020, and subsequent circulars issued in this regard, the latest being 03/2025 dated September 22, 2025 "Clarification on holding of Annual General Meeting ("AGM") through Video Conferencing (VC) or Other Audio Visual Means (OAVM)", (collectively referred to as "MCA Circulars"), issued by Ministry of Corporate affairs ("MCA Circulars") and Master Circular No. HO/49/14/14(7)2025-CFD-POD2/I/3762/2026 dated 30th January, 2026 and SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations") and in compliance of the Securities and Exchange Board of India ("SEBI Master Circular") permitting the holding of AGM through VC/OAVM without physical presence of members at a common venue and to transact the Businesses, as set out in the Notice of 35th AGM.

The members will be able to attend the AGM through VC/OAVM without their physical presence at a common venue. Members will be provided with a facility to attend the AGM through electronic platform provided by Central Depository Services (India) Limited (CDSL).

Electronic copies of the Notice of 35th AGM and Annual Report for the financial year 2025-26 will be sent to all the Shareholders whose email addresses are registered with the Company/Depository Participant(s). If you have not registered your email address with the Company/Depository Participant(s) you may please register your email address. Also whose email ID is not registered will get a letter with link of Annual Report along with Notice at their registered address.

Physical shareholders: Please send a request to the Company/Registrar and Share Transfer Agent providing Folio No. Name of Shareholder, Scanned Copy of the share certificate (front and back), self attested copy of PAN Card and any of Driving License, Election Identity card, Aadhar Card and Passport for registering email address.

Demat shareholders: Please contact your Depository Participate (DP) and register your email address and bank account details as per process advised by your DP.

Members may note that the Notice of 35th AGM and the Annual Report for the Financial Year 2025-26 will be available on the Company's website: www.natrajproteins.com and website of the Stock Exchange i.e. BSE Limited at www.bseindia.com. The Notice of 35th AGM will also be available on the CDSL at www.evotingindia.com.

**2. E-VOTING& PROCEDURE:**

**All the Members of the Company are informed that:**

In compliance with applicable rules and regulations, members are provided with the facility to cast their vote on resolutions set forth in the Notice of AGM using electronic voting means (e-voting) provided by CDSL, the voting rights of the members shall be in proportion to their holding of shares in paid-up equity share capital of the Company as on **Tuesday, 22nd September, 2026 ('cut-off date').**

Members holding their shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of **Tuesday, 22nd September, 2026** may cast their vote electronically on the resolutions as set out in the notice of AGM through remote e-voting and e-voting at AGM.

The remote e-voting shall commence on **Saturday, 26th September, 2026 at 9:00 A.M [IST] and shall end on Monday, 28th September, 2026 at 5:00 P.M [IST]** after aforesaid period the portal shall forthwith be blocked and shall not be available for remote e-voting.

Members, please note that SEBI, vide its **Master circular no. HO/38/13/(4)2026-MIRSD-POD/I/4298/2026** dated February 6, 2026, by rescinding earlier circulars, has mandated Members holding shares in physical form to submit PAN, nomination, contact details, bank account details and specimen signature in specified forms. Members may access **www.natrajproteins.com** or **https://www.ankitonline.com/documents.aspx** for Form ISR-1 to register PAN/Email id/Bank details/other KYC details, Form ISR-2 to update signature and Form ISR-3 for declaration to opt out. Members may make service requests by submitting a duly filled and signed Form ISR-4 & ISR-5, the format of which is available on the Company's website and on the website of the Company's Registrar and Transfer Agent. In case a holder of physical securities whose folio do not have aforesaid details updated shall be eligible to lodge grievance or avail any service request from the RTA only after furnishing PAN, KYC details and Nomination and for any payment including dividend, interest or redemption payment in respect of such folios, only through electronic mode with effect from April 01, 2024.

Those members, who shall be present in the AGM through VC/OAVM facility and had not cast their votes on resolutions through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote thorough remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM/participate in through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their vote again.

CS Ishan Jain, Proprietor of M/s Ishan Jain & Co., Company Secretaries, Indore (FCS 9978, CP 13032) has been appointed as the Scrutinizer for Scrutinizing the Remote E-voting process and E-Voting at the AGM in a fair and transparent manner.

Any persons, who acquires shares of the Company and becomes member of the company after notice has been sent electronically by the company and holds shares as of the cut-off date i.e. **Tuesday, 22nd September, 2026**, may obtain the login ID and password by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com or our Share Transfer Agent M/s Ankit Consultancy Private Limited, 60, Electronic Complex, Pardeshipura, Indore (M.P.) 452010. Tel: 0731-4065797/99, Fax 0731-4065798. Email investor@ankitonline.com. However, if a person is already registered with CDSL for e-voting then existing user ID and password can be used for casting vote.

**3. BOOK CLOSURE:**

**Further Notice is given that** pursuant to Regulation 42 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015 and Section 91 of the Companies Act, 2013 that the Register of Members & Share Transfers Books of the Company will remain closed from **Wednesday, September 23, 2026 to Tuesday, September 29, 2026** (both day inclusive) for the purpose of AGM of the Company for the year 2025-26.

The above information is being issued for the information and benefit of all the Members of the Company and is in compliance with the MCA Circulars and SEBI Circulars.

**For, NATRAJ PROTEINS LIMITED**
**Sd/-**
**HARSHITA KIRKIRE**
**CS & COMPLIANCE OFFICER**

**Place: Itarsi**
**Date: 04.09.2026**

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.)**
**क्रमांक INDLP04082650328/दिनांक/04/SEP/2026**

क्र/2107 दिनांक 25/AUG/2026

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियों आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स रुकयाबी पिता/पति स्व बाबू खां मो नूर मो नजर अब्दुल हसन रुकसानाबी पिता बाबूखों न द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

(क) परियोजना का नाम:- SELF HOUSE

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम छोटाबांगड़दा तहसील मल्हारगंज व जिला इन्दौर की भूमि सर्वे क्रमांक/खसरा क्रमांक 61/3/1 (S) कुल रकबा 0.0929 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, SELF HOUSE विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजन:- RESIDENTIAL, SELF HOUSE

(घ) स्वीकृति क्रमांक INDLP15092539680 दिनांक 2025-11-16

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/ संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=Xxl2RFfTt92107 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला इन्दौर म.प्र.**

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.)**
**क्रमांक INDLP26062612984/दिनांक/04/SEP/2026**

क्र/2114 दिनांक 03/SEP/2026

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियों आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (SHANTI VENTURES LLP)- M/S Shanti Ventures Lip Tarfe Partner 1) Utpal Goyal S/O Rajendra Kumar Goyal 2) Naivedhya Goyal S/O Gopal Goyal द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

(क) परियोजना का नाम:- PROFESSIONAL OFFICES

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम बिचोली हप्सी तहसील भिचोली हप्सी व जिला इन्दौर की भूमि सर्वे क्रमांक/ खासरा क्रमांक 59/1/5/1 (S), 59/1/5/2/2 (S) कुल रकबा 0.107 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, PROFESSIONAL OFFICES/CHAMBERS NORMS विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजन:- RESIDENTIAL, PROFESSIONAL OFFICES/CHAMBERS NORMS

(घ) स्वीकृति क्रमांक INDLP24052454572 दिनांक 2024-07-12

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/ संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=rf6L0ZNn422114 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला इन्दौर म.प्र.**

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना कमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Pandit Dindayal Pathar Shramik Sahkari Samiti Maryadit, Secretary Shri Dilip Patidar S/o Shri Kaluram Patidar, Kandka Stone (Gitti) Quarry Mining of minerals, Capacity: 20,000 cum per annum, Area: 4.00 Hect. Khasra No. 402/1, Village Kandka, Tehsil Jawad, District Neemuch (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर नीमच (2) कार्यालय जिला पंचायत, नीमच (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नीमच (4) कार्यालय ग्राम पंचायत केशरपुरा तहसील जावद जिला नीमच (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड कमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.Nic.iN पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 16.10.2026 को समय सुबह 11:00 बजे से स्थान ग्राम कानका खदान क्षेत्र परिसर तहसील जावद जिला नीमच (म.प्र.) में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

(क्षेत्रीय अधिकारी)
उज्जैन

**काउंटीवॉक रेसीडेंट्स सहकारी संस्था मर्यादित (CWRSS) इन्दौर**
शॉप नं. 7, प्रथम तल, काउंटी वॉक शॉपिंग कॉम्पलेक्स, शिशुकुंज स्कूल के पास, झलारिया, इन्दौर - 16
Mob. : 9479949908, Ph. : 0731-2990170 E-mail : cwessmaintenance@gmail.com

जावक संख्या : AGM/09/26 दिनांक : 03.09.2026

**वार्षिक साधारण सभा सूचना पत्र**

**संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि काउंटीवॉक रेसिडेंट्स सहकारी संस्था मर्यादित, झलारिया, इन्दौर की वार्षिक साधारण सभा रविवार दिनांक 27.09.2026 को समय प्रातः 10.30 बजे काउंटीवॉक क्लब-2 पर आयोजित की जाएगी, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। सभा की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष श्री अवधेश तिवारी द्वारा की जावेगी।**

विषय सूची :

1. गत वर्ष 2025-26 की वार्षिक सभा एवं संचालक मंडल की बैठकों का कार्रवाई की पुष्टि करना।
2. वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंकेक्षित वित्तीय पत्रक प्रस्तुत करना एवं इस पर विचार करना।
3. संस्था द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यों की रुपरेखा से सदस्यों को अवगत कराना।
4. आने वाले वर्ष 2026-27 के अनुमानित बजट के प्रस्ताव पर चर्चा कर स्वीकृति देना।
5. वित्तीय वर्ष 2026-27के लिए लेखा परीक्षक/अंकेक्षण की नियुक्ति करना।
6. संस्था की उपविधियों (Bylaws) में संशोधन के प्रस्ताव पर चर्चा एवं स्वीकृति।
7. क्लब नंबर 1 व 2 के रिनोवेशन प्रस्ताव पर चर्चा एवं स्वीकृति।
8. कचरा निष्पादन (Waste Management Plant)केन्द्र के निर्माण का प्रस्ताव पर चर्चा एवं स्वीकृति।
9. पिछले बजट से हुए अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति के प्रस्ताव पर चर्चा एवं स्वीकृति
10. क्लब एवं स्पोर्टस कॉम्पलेक्स प्रबंधन हेतु व्यवसायिक अनुबंध यथोचित मानकों पर करने के प्रस्ताव पर चर्चा एवं स्वीकृति।
11. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

सूचना :

- यदि किसी सदस्य को कोई प्रश्न पूछना हो तो 3 दिवस पूर्व संस्था कार्यालय में लिखित आवेदन प्रदान करें।
- उक्त संदर्भ में सूचना सदस्यों के संस्था में उपलब्ध पतें पर व्यक्तिगत /स्पीड पोस्ट से भोजी गई है, यदि किसी सदस्य को प्राप्त नहीं हो तो उक्त प्रकाशन को स्वीकार कर सभी में उपस्थित होंने का कष्ट करें।
- कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमें कोरम का कोई बंधन नहीं होगा।
- उक्त सभा केवल संस्था के रजिस्टर्ड सदस्यों के लिए है। इसके अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति की उपस्थिति मान्य नहीं की जाएगी।

श्री अवधेश तिवारी
अध्यक्ष
काउंटीवॉक रेसिडेंट्स सहकारी संस्था मर्यादित